@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 15 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 239 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan's Rural Pivot: Bhajan Lal Sharma Bets on Dairy, Credit and Village Outreach

FAIR REPORT
By Hemraj Tikamchand





**JAIPUR:** In the dust-lined village square of Panseri, far from the air-conditioned corridors of Jaipur's Secretariat, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma attempted to frame his government's rural vision in simple terms: reduce risk for farmers, increase liquidity in villages, and restore confidence in agriculture as a viable livelihood.

Addressing a farmers' chaupal packed with dairy producers, cattle rearers and local cooperatives, Sharma positioned livestock and dairy economics at the centre of Rajasthan's next rural push. The emphasis was not merely symbolic. With erratic weather cycles and rising input costs squeezing farm incomes, the state government is increasingly treating dairy as a stabilising parallel economy for rural households.

The Chief Minister highlighted schemes such as the Gopal Credit Card and Mangla Cattle Insurance Yojana as financial safeguards intended to protect cattle owners from debt shocks and livestock losses. Under the Mukhyamantri Dugdh Utpadak Sambal Yojana, the state is also providing a subsidy of 5 per litre of milk — a move expected to directly benefit small dairy producers dependent on cooperative procurement networks.

"Our government is committed to making agriculture profitable," Sharma said, linking dairy incentives with broader interventions such as enhanced support under the PM-Kisan scheme and the 150 wheat procurement bonus.

Officials said the state is simultaneously expanding milk collection infrastructure and deploying mobile veterinary units to improve access in remote regions where animal healthcare remains inconsistent.

The outreach, however, was also political. By choosing a village chaupal over a formal government venue, the administration sought to project proximity to rural anxieties at a time when inflation and agricultural distress continue to shape political sentiment across north India.

The Chief Minister also announced the Global Rajasthan Agritech Meet (GRAM-2026), scheduled from May 23 to 25, positioning it as a platform to connect Rajasthan's traditional farming communities with emerging agricultural technologies and investment networks.

As progressive farmers shared stories of improved incomes and cooperative support, the event underscored a governance style attempting to blend welfare delivery with grassroots political messaging — not from the capital, but from the village square itself.

## BCI Cracks Down on 'Conflict Cartel': Senior Rajasthan Advocate Banned for 5 Years in Explosive Trust Dispute Case

FAIR REPORT

**New Delhi** : In a scathing indictment of ethical collapse within the legal fraternity, the Bar Council of India (BCI) has suspended four Rajasthan-based advocates after finding them guilty of representing opposing sides in a bitter and long-running trust dispute linked to the Apollo Animal Medical Group Trust (AAMGT), Jaipur. In a strongly worded order dated April 10, 2026, the BCI's Disciplinary Committee ruled that senior advocate Giriraj Prasad Sharma alias G.P. Sharma, along with three junior associates, violated professional ethics by first appearing for Dr. Sohan Singh Rathore and later switching sides to represent rival claimant Dr. Raj Ishwar D. Khare in closely connected proceedings — despite the earlier engagement being formally terminated. Calling the conduct a "serious breach of loyalty and fiduciary trust," the Committee suspended Sharma from legal practice for five years with immediate effect. His associates — Advocates Mukesh Sharma, Mahesh Chand Gupta and Akhilesh Sharma — were handed one-year suspensions. The three-member panel headed by Dilip K. Patel, with Dr. Amit K. Vaid and Divya Roy as members, rejected all defences raised by the advocates, including claims of delay and technical separation of proceedings.

## Rajnath Singh Unveils Rao Duda Medtiya Statue in Merta, Pays Tribute to Rajasthan's Spiritual and Martial Legacy

FAIR REPORT



**JAIPUR/MERTA**: Union Defence Minister Rajnath Singh on Wednesday participated in the unveiling ceremony of the equestrian statue of Rao Duda Medtiya in Merta town of Rajasthan's Nagaur district, highlighting the enduring legacy of the medieval ruler associated with the region's cultural and spiritual history. The ceremony was attended by Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma and Union Culture and Tourism Minister Gajendra Singh Shekhawat. Addressing the gathering, the leaders paid tribute to Rao Duda Medtiya's contribution to Rajput valour and Rajasthan's historical identity. During the visit, Mr. Singh also toured the panoramic gallery dedicated to Mirabai, the revered Bhakti saint-poet whose spiritual legacy remains deeply intertwined with Merta's cultural heritage. The leaders later offered prayers at the Charbhuja Nath Temple and the Mirabai Temple, where they prayed for peace, prosperity, and well-being across the country and the State. The event drew large public participation and reflected the growing emphasis on preserving Rajasthan's historical memory through monuments, heritage tourism, and cultural revitalisation initiatives undertaken by the State and Union governments.

## Tikaram Jully Leads Opposition Offensive Over Alleged BJP Links in NEET Leak Row



FAIR REPORT

**JAIPUR:** Positioning himself at the centre of Rajasthan's escalating NEET paper leak controversy, Leader of Opposition Tikaram Jully on Tuesday launched a sharp and politically calibrated attack on the ruling BJP, accusing it of attempting to "erase documented connections" with key accused Dinesh Binwal.

As outrage over the examination scandal continues to simmer among students and parents, Jully emerged as the most vocal face of the opposition's campaign, directly challenging the BJP leadership to explain Binwal's alleged proximity to party functionaries and youth leaders.

Addressing the media in Jaipur, Jully dismissed BJP president Madan Rathore's denial of any organisational links as "unconvincing and disconnected from publicly available evidence." He pointed to screenshots and social media interactions allegedly showing Jamwa Ramgarh MLA Mahendra Pal Meena publicly referring to Binwal as "Bhai" while extending greetings to him on personal occasions.

But Jully's strongest charge came with the claim that Binwal was not merely a supporter, but allegedly held the post of District Secretary in the Jaipur Rural unit of the Bharatiya Janata Yuva Morcha.

"Students preparing honestly for competitive exams deserve transparency, not political protection for those accused of destroying their future," Jully said, framing the controversy as a moral battle for accountability rather than routine political sparring.

In projecting himself as the voice of aggrieved youth, Jully sought to turn the NEET controversy into a larger indictment of governance and political patronage. His aggressive intervention has now placed the BJP under mounting pressure to clarify the extent of Binwal's alleged organisational role and the nature of his links with party leaders.

With the issue resonating strongly among aspirants and families across Rajasthan, Jully's intervention has given the opposition a sharp political narrative centred on credibility, accountability and justice for students.

## Communal Tensions Escalate in Bhopal Amid Viral Slogans and 'Love Jihad' Allegations

**BHOPAL** Fresh communal tensions surfaced in Madhya Pradesh's capital after videos circulating on social media allegedly showed groups of protesters raising provocative religious slogans following a confrontation involving Hindu activists and a Muslim man accused of concealing his identity while accompanying a Hindu woman.

The controversy reportedly began after members of a Hindu organisation confronted a man identified as Arif at a local hotel. Activists alleged that he had been using a false identity and accused him of involvement in what right-wing groups describe as "Love Jihad," a politically contentious term used to allege organised attempts at religious conversion through relationships. Police, however, have not publicly confirmed these allegations.

Soon after videos of the confrontation spread online, crowds gathered in parts of Bhopal, including near Taj-ul-Masajid and outside the Police Commissionerate. Viral clips purportedly showed demonstrators chanting religious and incendiary slogans, including phrases associated with threats of violence. Authorities are currently verifying the authenticity and context of the footage.

## Brutal Assault in Moving Bus Raises Fresh Questions Over Women's Safety in Delhi

FAIR REPORT

**NEW DELHI:** A horrific case of alleged gang rape inside a moving bus in northwest Delhi has once again triggered outrage over women's safety in the national capital and renewed scrutiny of law enforcement mechanisms in the city. The incident, reported from the Rani Bagh area, involved a woman who was allegedly abducted into a private bus while returning home from work late at night. According to the survivor's statement to police, she had asked a bus conductor for the time while waiting on the roadside after finishing her factory shift. Investigators say the conductor allegedly pulled her into the vehicle, where multiple men sexually assaulted her for nearly two hours as the bus continued moving through different parts of the city. The survivor reportedly pleaded for help and repeatedly begged the accused to spare her life. Police sources said she was also physically assaulted during the attack before being thrown onto a roadside in a severely injured condition. The brutality of the crime has reignited painful memories of previous sexual assault cases that had once shaken the conscience of the nation and prompted widespread demands for stronger safeguards for women in public spaces. Opposition leaders and civil society groups have sharply criticised the prevailing security situation in Delhi, arguing that repeated incidents of sexual violence expose systemic failures in policing, surveillance, and public transport regulation. The case has also intensified political attacks on the BJP, which shares administrative responsibility in the capital through the Union government, with critics alleging that promises of women's safety remain unfulfilled despite repeated assurances.

## Storm Chaos in North India: Jaipur Turns Into Emergency Aviation Lifeline as Delhi Flights Diverted

FAIR REPORT



**JAIPUR**: Severe weather turbulence across northern India triggered widespread aviation disruption on Wednesday night, forcing Jaipur International Airport to rapidly transform into an emergency diversion hub after multiple flights bound for Delhi and Chandigarh were rerouted amid deteriorating flying conditions. At least ten flights — nine originally headed for Delhi and one for Chandigarh — were diverted to Jaipur after poor visibility and unstable weather conditions disrupted operations at Indira Gandhi International Airport late on May 13. The cascading impact stranded hundreds of passengers mid-transit and created overnight operational pressure on airlines and airport authorities. Among the diverted aircraft was an international service operating from Chengdu, China to Delhi, highlighting the scale of the disruption that extended beyond domestic corridors into international aviation routes. Domestic services affected included Air India Express IX-5256 operating from Bengaluru to Delhi, IndiGo 6E-710 from Hyderabad to Delhi, and IndiGo 6E-6613 from Mumbai to Delhi, along with several other scheduled arrivals.

Airport officials in Jaipur managed a sudden influx of unscheduled landings as aircraft queued for parking bays, refuelling, and revised departure clearances. Passengers reported extended waiting periods, uncertainty over onward travel, and overnight delays as airlines scrambled to reorganise schedules. The disruption once again exposed the vulnerability of northern India's aviation network during intense weather events, where operational bottlenecks at Delhi often trigger a domino effect across regional airports.

करीब 26 माह पहले शुरू हुई पीएम सूर्यघर योजना में प्रदेश ने किया महत्वपूर्ण पड़ाव पार... लेकिन अब भी हम गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी और केरल से पीछे

# सूरज से राजस्थान में नई रोशनी का उजियारा, 2 लाख से अधिक रूफटॉप इंस्टॉलेशन

FAIR REPORT
जयपुर

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया। करीब 26 माह पहले शुरू हुई इस योजना के अन्तर्गत राज्य में 2 लाख से अधिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र इंस्टॉल किए जा चुके हैं।

जयपुर की इमली वाला फाटक नटराज नगर निवासी तारा शर्मा प्रदेश की ऐसी विद्युत उपभोक्ता बन गई हैं जिन्होंने इस योजना में 2 लाख की संख्या वाला रूफ टॉप संयंत्र लगाया। इसके लिए जयपुर डिस्कॉम की अधीक्षण अभियंता (पीएम सूर्यघर) महिमा साराभाई और जयपुर शहर सर्किल (दक्षिण) के अधीक्षण अभियंता अनिल टोडवाल ने उनके घर पर जाकर बधाई दी और योजनान्तर्गत सोलर कुक टॉप भी भेंट किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह महत्वपूर्ण पहल देशवासियों को ना केवल प्रदूषणरहित सौर ऊर्जा से जोड़ रही है बल्कि उन्हें ऊर्जा सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। भारत सरकार द्वारा दी जा रही 78 हजार रुपए की सब्सिडी और 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को 17 हजार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। इससे प्रदेश में रूफटॉप ऊर्जा संयंत्रों के लगने की रफ्तार बीते समय में तेजी से बढ़ी है।



### राजस्थान देश में 5वें स्थान पर

इस योजना में गुजरात (6.61 लाख), महाराष्ट्र (5.69 लाख), उत्तर प्रदेश (5.25 लाख) और केरल (2.39 लाख) के बाद राजस्थान 2 लाख 419 इंस्टॉलेशन के साथ देश में 5वें स्थान पर है।



### 1354 करोड़ की सब्सिडी हस्तांतरित

अब तक इस योजना में प्रदेश में 771 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं और स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या गुरुवार को को 2 लाख 416 के स्तर पर पहुंच गई। रूफटॉप लगाने पर भारत सरकार से उपभोक्ताओं को सब्सिडी के रूप में 1354 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

### अप्रेल में सर्वाधिक 22,822 संयंत्र लगे

हाल ही अप्रेल माह में प्रदेश में 22822 रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हुए हैं जो इस योजना में प्रदेशवासियों की तेजी से बढ़ रही भागीदारी को दर्शाता है। यह प्रदेश में अब तक किसी भी माह में लगे सर्वाधिक सौर ऊर्जा संयंत्र हैं।

### जयपुर जिले में सर्वाधिक इंस्टॉलेशन

इस योजना में प्रदेश में जयपुर जिले में सर्वाधिक 41296, श्रीगंगानगर में 19135, सीकर में 12104, हनुमानगढ़ में 11530 और झुंझुनूं में 10,185 रूफटॉप सोलर इंस्टॉल किए जा चुके हैं।

## मदिरा दुकानों के 30 कलस्टर के अनुज्ञापत्र के लिए ई-नीलामी आज

FAIR REPORT
जयपुर

आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधान के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नवीनीकरण से शेष रही पड़त मदिरा दुकानों के कलस्टर की ऑनलाइन ई-नीलामी के लिए विभागीय वेबसाईट HTTPS//IEMS.RAJASTHAN.GOV.IN पर नीलामी शुक्रवार को प्रातः 11 से सांय 4 बजे तक ई-बोली आमंत्रित की गई है। प्रदेश में शेष 30 कलस्टर पर 62 दुकानों का बंदोबस्त किया जाना है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के अनुसार इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाईट से अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रक्रियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने के बाद ऑनलाईन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल HTTPS//SSO.RAJASTHAN.GOV.IN पर सिटीजन केटेगरी के अन्तर्गत एसएसओ आईडी बनाना जरूरी है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को निशुल्क यात्रा के लिए करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

# रोडवेज की बस से परीक्षा देने जाना है तो अब एडमिट कार्ड दिखाने से नहीं चलेगा काम

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। प्रदेश में राजस्थान रोडवेज की बसों में परीक्षार्थियों की निशुल्क यात्रा व्यवस्था को लेकर बदलाव किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अब केवल प्रवेश पत्र दिखाकर रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा का लाभ नहीं ले सकेंगे।

दरअसल, राजस्थान रोडवेज प्रशासन ने प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की निशुल्क यात्रा को लेकर नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत राजस्थान में अब परीक्षार्थियों को रोडवेज बस में निशुल्क यात्रा का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाना होगा।

नई व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले निर्धारित रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर एडमिट कार्ड अपलोड कर ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पंजीकरण परीक्षा तिथि से 36 घंटे पहले तक ही मान्य रहेगा। इसके बाद ही अभ्यर्थी का नाम रोडवेज की ईटीआईएम मशीनों में अपडेट होगा और परिचालक 'प्रतियोगी परीक्षा' श्रेणी में टिकट जारी कर सकेंगे। रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा के निर्देशों के बाद इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।



### निशुल्क यात्रा के लिए अभ्यर्थी परीक्षा के 36 घंटे पहले तक करवा सकेंगे पोर्टल पर अपना पंजीकरण

- **पहला चरण :** अभ्यर्थी निगम की वेबसाईट अर्थात https://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc क्लिक करते हुए लिंक 'प्रतियोगी परीक्षार्थी पंजीयन पोर्टल' ओपन कर परीक्षा से संबंधित विवरण दर्ज कर पंजीयन करेंगे।
- अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल पर एडमिट कार्ड अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- पंजीकरण की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन किया जाएगा।
- परीक्षा के 36 घंटे पूर्व तक पंजीकरण करवाया जाना अनिवार्य होगा। इसके बाद पंजीकरण प्रक्रिया स्वतः बंद हो जाएगी।
- **दूसरा चरण :** पंजीकृत अभ्यर्थियों के रोल नंबर को ईटीआईम (इलेक्ट्रोनिक टिकट इश्यूईंग मशीन) मास्टर डेटाबेस में एकीकृत कर सिंक किया जाएगा। यह प्रक्रिया वे-बिल आवंटन के समय सुनिश्चित की जाएगी।
- ईटीआईएम मास्टर में उपलब्ध डेटा को सभी ETIM मशीनों में सिंक्रोनाइज किया जाएगा। इससे परिचालकों के पास अपडेट और पंजीकृत डेटा उपलब्ध रहेगा।
- परिचालक द्वारा टिकिट जारी करते समय रियलटाइम डेटा का सत्यापन किया जाएगा। "Competition Exam" श्रेणी में टिकट जारी करते समय परिचालक द्वारा ETIM मशीन में इन्द्राज किए जाने वाले रोल नंबर का ETIM मास्टर से स्वतः मिलान होगा।
- इसके बाइ ETIM मशीन केवल वैध व पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही टिकट जारी करेगी।
- **यह है खास बात :** अमान्य/ गैर-पंजीकृत रोल नंबर वाले अभ्यर्थियों को बिना टिकिट श्रेणी में रखा जाएगा, जिन्हें टिकिट की पूरी राशि देकर यात्रा करनी होगी।

## पत्रकारिता अंधेरे में टॉर्च का काम करती है, बशर्ते वह सच पर आधारित हो : वसुंधरा राजे



FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान की पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि पत्रकारिता अंधेरे में टॉर्च का काम करती है, बशर्ते सच पर आधारित हो। टीआरपी बढ़ाने की होड़ में तिल को ताड़ और कंकड़ को पहाड़ बनाना उचित नहीं है।

राजे गुरुवार को मनोज माथुर जर्नलिज्म अवार्ड समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि न्यूज़ को न्यूज़ ही रखना चाहिए, उसमें व्यूज़ शामिल न हो। वक्ता किस संदर्भ में बोल रहा है यह समझकर ही खबर लिखना चाहिए। कन्फ़्यूज़न हो तो संबंधित से पूछ लें, लेकिन ब्रेकिंग न्यूज़ के फेर में अर्थ का अनर्थ न करें। वे बोली बोली, पत्रकारिता लोकतंत्र का हृदय है। ये तो ठीक है कि-'खींचो न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुक़ाबिल हो, तो अख़बार निकालो' लेकिन ये उचित नहीं कि 'बन के एक हादसा बाज़ार में आ जाएगा, जो नहीं होगा वो अख़बार में आ जाएगा।' मनोज माथुर जर्नलिज्म अवार्ड से पत्रकार अर्पित शर्मा, देवांकुर वाधवान, सौरभ गृहस्थी, फ़ोटो पत्रकार पुरुषोत्तम दिवाकर को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सुलक्षणा माथुर, न्यूज-18 के एडिटर अमित भट्ट, टीओआई के एमडी आशीष दत्ता और भाजपा नेता नीरज जैन ने भी संबोधित किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंसेरी गांव में सुबह की सैर कर ग्रामीणों से की बातचीत

FAIR REPORT
जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जालोर के पंसेरी गांव में सुबह की सैर कर ग्रामीणों से रामा-श्यामा की। वहीं, कृषि एवं पशुपालन को लेकर आत्मीय बातचीत की। उन्होंने स्कूल जा रहे बच्चों से संवाद कर उन्हें चॉकलेट और टॉफी दी तथा अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया।



मुख्यमंत्री ने पंसेरी गांव की चौहटा (गांव की चौपाल का मुख्य केंद्र) पर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर को सुन्धामाता मंदिर से मालवाड़ा तक एवं पंसेरी गांव से नीलकंठ महादेव तक सड़क उन्नयन की कार्ययोजना बनाने, पंसेरी गांव में खेल स्टेडियम की जमीन चिह्नीकरण करने, जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए एनीकट निर्माण की व्यवहार्यता रिपोर्ट बनाने, मालवाड़ा में सब्जी मंडी निर्माण की कार्ययोजना बनाने, नवीन ट्रांसफार्मर लगाने एवं पशु चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटन के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जालोर जिले के लिए बजट में की गई घोषणाओं के तीव्र क्रियान्वयन के संबंध में भी विशेष दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुन्धा माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित सहित जनप्रतिनि मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर हुडको ने 40 सरकारी विद्यालयों को दिए इंटरेक्टिव पैनल और ड्यूल डेस्क

# भावी पीढ़ी को आगे बढ़ने के मिलें पर्याप्त अवसर : अर्जुन मेघवाल

FAIR REPORT
जयपुर

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की पहल पर हाउसिंग एंड अर्बन डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) द्वारा बीकानेर जिले के 40 सरकारी विद्यालयों में इंटरएक्टिव पैनल और ड्यूल डेस्क वितरण कार्यक्रम गुरुवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानदेसर में आयोजित हुआ। मेघवाल की अभिशंसा पर हुडको द्वारा सवा करोड़ रुपए की लागत से सोशल कॉरपोरेट रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) के तहत यह संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं। जिनका इन विद्यालयों के 15 हजार विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।



### प्रत्येक पंचायत समिति के स्कूलों को मिलेंगे स्मार्ट बोर्ड

मेघवाल ने बताया कि हुडको द्वारा जिले के 40 स्कूलों को यह संसाधन दिए गए हैं। इसमें बीकानेर पंचायत समिति के दस, श्रीडूंगरगढ़ के सात, लूणकरणसर और कोलायत के छह-छह, खाजूवाला, नोखा के चार, पांचू और पूगल के दो-दो तथा बज्जू खालसा का एक विद्यालय सम्मिलित हैं। इस दौरान हुडको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुधीर भटनागर ने बताया कि उनको द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाते हैं। बीकानेर के इन विद्यालयों के लिए कार्य करना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। भामाशाह प्रेरक पप्पू राम पवार ने केंद्रीय मंत्री की पहल और प्रेरणा से विद्यालय परिसर में हुए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने हुडको के प्रतिनिधियों का आभार जताया और उनका सम्मान किया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेघवाल ने कहा कि भावी पीढ़ी देश के कंधों पर देश के विकास की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि ये बच्चे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें, इसके लिए इन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हुडको द्वारा सीएसआर के तहत प्रदत्त यह सामग्री इन बच्चों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री के आह्वान को दोहराते हुए आमजन से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खाड़ी में हो रहे युद्ध और तेल आपूर्ति में बाधा को देखते हुए प्रधानमंत्री की इस अपील का अनुसरण करते हुए नागरिक अपनी भूमिका निभाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बच्चों में चरित्र और संस्कार निर्माण तथा नैतिक मूल्यों का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके मध्यनजर बच्चों को संस्कारवाद बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वे इस विषय पर विद्यालय के बच्चों की एक घंटा की विशेष क्लास लेंगे, जिसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए।

केंद्रीय मंत्री ने सभी 40 विद्यालयों के प्रतिनिधियों को इंटरएक्टिव पैनल और ड्यूल डेस्क के प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही विद्यालय की स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पावर ग्रिड कारपोरेशन के सौजन्य से सीएसआर द्वारा तैयार चार कक्षा कक्षों, एक लाइब्रेरी हॉल तथा टीन शेड का लोकार्पण किया। इस पर 86 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने समसा के माध्यम से विद्यालय परिसर में बनने वाले दो शौचालय का शिलान्यास किया।

## ब्रीफ खबरें

### गांव के अंतिम गरीब का उत्थान करना ही ध्येय : राज्यपाल बागडे



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण रोजगार योजना का ध्येय ही गांव के अंतिम गरीब का उत्थान करना है। राज्यपाल गुरुवार को गुरुकुल संस्थान बोरी में जनजाति क्षेत्र में कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण आशीर्वाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षकों को छोटे बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। बच्चों के मानसिक विकास के लिए उन्हें प्रेरणादायक कहानियाँ भी सुनानी चाहिए। उन्होंने भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति का जिक्र करते हुए समृद्ध शैक्षिक विरासत के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने महापुरुषों के प्रेरक प्रसंगों को साझा करते हुए नैतिक मूल्यों के बढ़ावा देने पर बल दिया। राज्यपाल बागडे ने वीरांगना वीर बाला कालीबाई के भतीजे अमृत कलासुआ का शोल ओढ़ाकर विशेष सम्मान किया।राज्यपाल ने वीरांगना कालीबाई की शहादत को याद करते हुए कौशल विकास में प्रशिक्षित बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर बाला काली बाई की भूमि पर बेटियों की शिक्षा के प्रति विशेष जागरूकता है। उन्होंने गुरुकुल संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक शरद जोशी द्वारा जनजाति क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए शिक्षा संस्थान खोलने तथा कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण जैसे प्रशिक्षण प्रदान करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए धन्यवाद का पात्र बताया। उन्होंने महिलाओं को प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक समृद्धि से जुड़कर नई राहों का निर्माण करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक



**जयपुर।** जिला कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जयपुर जिले में राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन करने एवं जिले की समस्त पैक्स समितियों का कम्प्यूटरीकरण कर उन्हें ई-पैक्स घोषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस दौरान पैक्स समितियों के माध्यम से सी.एस.सी., पी.एम.के.एस.के. सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलों की प्रगति की समीक्षा की तथा इनके लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध रूप से लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत निर्मित गोदामों की उपयोगिता सुनिश्चित करने एवं 'सहकार से समृद्धि' अभियान के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कले क्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सहकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों एवं ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर उत्तर मुकेश मूण्ड, प्रबंध निदेशक द जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर (शहर, ग्रामीण), डी.डी.एम. नाबार्ड सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे: दिया

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बस्सी विधानसभा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में संध्या चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सहभागिता कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं



की जानकारी देते हुए आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने इस दौरान 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित हो रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में अधिक से अधिक कृषकों, पशुपालकों एवं निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गोद भराई रस्म का आयोजन भी किया गया।

# छात्र राजनीति में सक्रिय चेहरा अल्पेश गोस्वामी बने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष

## लंबे समय से संगठन में सक्रिय, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के करीबी माने जाते हैं अल्पेश

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिले की छात्र राजनीति में लंबे समय से सक्रिय और संगठन में लगातार मेहनत कर मजबूत पहचान बनाने वाले युवा नेता अल्पेश गोस्वामी को एनएसयूआई ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन में सक्रियता, छात्र हितों के मुद्दों पर लगातार संघर्ष और जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। उनकी नियुक्ति के बाद जिलेभर के छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।एनएसयूआई संगठन महासचिव मुकेश नराणिया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार अल्पेश गोस्वामी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई। अल्पेश वर्तमान में एनएसयूआई प्रदेश महासचिव और उदयपुर प्रभारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इससे पहले वे नगर अध्यक्ष पद पर रहते हुए भी संगठन को मजबूत करने में अहम



भूमिका निभा चुके हैं।छात्र राजनीति में अल्पेश गोस्वामी को एक सक्रिय, संघर्षशील और संगठन के प्रति समर्पित युवा चेहरे के रूप में देखा जाता है। कॉलेजों में छात्र समस्याओं, प्रवेश, फीस, छात्रवृत्ति और अन्य मुद्दों को लेकर वे लगातार आंदोलनों और कार्यक्रमों में सक्रिय रहे हैं। संगठन के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और युवाओं को जोड़ने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती रही है।एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के करीबी माने जाने वाले अल्पेश ने संगठन में लगातार मेहनत और सक्रियता के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। संगठन के वरिष्ठ नेताओं का भी उन पर भरोसा लगातार बढ़ा है।जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद अल्पेश गोस्वामी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। जिले में छात्र हितों की आवाज को और मजबूती से उठाने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना, निवर्तमान नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा, डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया।

## ब्रीफ खबरें

### बेगूं में एक ही रात तीन घरों में चोरी, ढाई लाख नकद और जेवर ले उड़े बदमाश



### खिड़कियां तोड़कर घरों में घुसे चोर; परिवार छत और बरामदे में सोते रहे, सुबह खुली वारदात की पोल

FAIR REPORT

**बेगूं।** चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं क्षेत्र के चावण्डिया द्वितीय गांव में बुधवार रात चोरों ने तीन मकानों को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश खिड़कियां तोड़कर घरों में घुसे और करीब ढाई लाख रुपये नकद सहित सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गए। गुरुवार सुबह ग्रामीणों को घटना का पता चला, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पारसोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।जानकारी के अनुसार गांव निवासी पृथ्वीराज जाट उर्फ प्रधान के मकान की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे। बदमाशों ने अलमारी में रखा सामान और कपड़े बिखेर दिए। यहां से चोर 1 लाख 72 हजार रुपये नकद और करीब 50 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।दूसरी वारदात रतनलाल जटिया के घर में हुई। यहां भी चोर खिड़की तोड़कर मकान में दाखिल हुए और 10 हजार रुपये नकद, एक सोने की नथ तथा दो जोड़ी चांदी की बिछिया चोरी कर ले गए।तीसरी चोरी जगदीश शर्मा के मकान में हुई। बदमाश सामने की खिड़की तोड़कर घर में घुसे और अलमारी व बक्से का ताला तोड़ दिया। यहां से 50 हजार रुपये नकद, आधा तोला सोने का मांदलिया और चांदी की बिछिया चोरी हो गई।बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान परिवार के सदस्य बरामदे और छत पर सो रहे थे। सुबह जब घरों का सामान बिखरा मिला तो चोरी की जानकारी सामने आई।सूचना मिलने पर पारसोली थानाधिकारी ठाकराराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, 18 मई से शुरू होगा 30 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण शिविर

#### सिलाई, ब्यूटीशियन, आत्मरक्षा और मेहंदी प्रशिक्षण मिलेगा; स्वरोजगार से जोड़ने पर रहेगा फोकस

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई चित्तौड़गढ़ की ओर से महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से "प्रयास कौशल विकास केंद्र" के तहत 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 18 मई से 18 जून तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुम्भानगर सब्जी मंडी के पास आयोजित होगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक दिया जाएगा।महिला इकाई की सचिव सुरभि बलदवा ने बताया कि शिविर में महिलाओं एवं युवतियों के लिए सिलाई, आत्मरक्षा, ब्यूटीशियन, मेहंदी सहित कई कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिलाध्यक्ष अंजलि शर्मा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके कौशल का विकास करना और उन्हें स्वरोजगार व छोटे उद्योगों से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अपने हुनर को पहचानने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में मदद करेंगे।उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और आगे बढ़ने की प्रेरणा विकसित होगी। वहीं कोषाध्यक्ष आस्था जैन ने बताया कि शिविर के लिए पंजीयन शुरू हो चुके हैं और रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड आवश्यक रहेगा।डिजिटल हेड राशि गगराणी ने बताया कि शिविर के दौरान महिलाओं के लिए विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें रोजगार, स्वरोजगार और छोटे व्यवसाय से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।महिला इकाई पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक महिलाओं और युवतियों से शिविर में भाग लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अपील की है।

### नर्सिंग अधीक्षक मुकुटराज 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड' से हुए सम्मानित

**भीलवाड़ा ।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में कार्यरत उप नर्सिंग अधीक्षक मुकुटराज सिंह शक्तावत को नर्सिंग क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रतिष्ठित "फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड" से सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि नर्सिंग प्रोफेशन में प्रदान किया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। शक्तावत को यह सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं में उनके उल्लेखनीय योगदान, मरीजों के प्रति संवेदनशील कार्यशैली तथा लंबे समय से नर्सिंग सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य



करने के लिए प्रदान किया गया।शक्तावत की इस उपलब्धि से महात्मा गांधी चिकित्सालय सहित सम्पूर्ण जिले के नर्सिंग समुदाय में हर्ष का माहौल है। चिकित्सालय प्रशासन, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### अत्याधुनिक एचडीआर ब्रैकीथेरेपी सुविधा का केंद्रीय कानून मंत्री ने किया शुभारंभ

# उत्तर-पश्चिम भारत के कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित होगी ब्रैकीथेरेपी : मेघवाल

FAIR REPORT

**बीकानेर**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को बीकानेर जिले के पीबीएम अस्पताल स्थित आचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्र में अत्याधुनिक हाई-डोज रेट ब्रैकीथेरेपी सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार को आमजन तक सुलभ, किफायती एवं आधुनिक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा बीकानेर में स्थापित यह सुविधा पूरे उत्तर-पश्चिम भारत के कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल लगातार चिकित्सा सेवाओं में नए आयाम स्थापित कर रहा है और नई एचडीआर ब्रैकीथेरेपी मशीन के माध्यम से अब मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने चिकित्सा विशेषज्ञों एवं संस्थान प्रशासन की सराहना करते हुए




कहा कि यह सुविधा कैंसर उपचार के साथ चिकित्सा शिक्षा एवं शोध गतिविधियों को भी नई दिशा प्रदान करेगी। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यह अत्याधुनिक मशीन टर्शियरी कैंसर केयर सेंटर योजना के अंतर्गत लगाई गई है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि यह सुविधा उत्तर-पश्चिम राजस्थान के कैंसर मरीजों को अत्याधुनिक एवं सटीक रेडियोथेरेपी उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संस्थान की निदेशक डॉ. नीति शर्मा ने बताया कि ब्रैकीथेरेपी तकनीक में रेडियोधर्मी स्रोत को सीधे ट्यूमर के भीतर अथवा उसके निकट स्थापित किया जाता है, जिससे कैंसरग्रस्त भाग पर अधिकतम विकिरण प्रभाव पड़ता है तथा आसपास के स्वस्थ अंगों को न्यूनतम नुकसान पहुंचता है। डॉ. राजेश ने बताया कि इससे मरीजों को कम समय में उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा अधिकांश प्रक्रियाएं डे-केयर अथवा आउट-पेशेंट आधार पर संभव होंगी। इससे उपचार के बाद होने वाले दीर्घकालिक दुष्प्रभावों में भी कमी आएगी। इस ब्रैकीथेरेपी यूनिट का उपयोग मुख्य रूप से स्त्री रोग संबंधी कैंसरों में किया जाएगा, जिसमें सर्वाइकल कैंसर के उपचार को "गोल्ड स्टैंडर्ड" माना जाता है।

#### पहले यह तकनीक निजी अस्पतालों तक ही थी सीमित

इसके अतिरिक्त एंडोमेट्रियल एवं वैजाइनल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, प्रारंभिक अवस्था के स्तन कैंसर, सिर एवं गर्दन के कैंसर, स्किन कैंसर, आहार नली एवं फेफड़ों के कैंसर से होने वाली अवरोध संबंधी समस्याओं के उपचार में भी यह तकनीक उपयोगी सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में लगी एचडीआर ब्रैकीथेरेपी मशीन से गत वर्ष लगभग 200 मरीजों का उपचार किया गया था, जबकि नई मशीन लगने के बाद अब अधिक संख्या में मरीजों को उपचारित किया जा सकेगा। यह सुविधा विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए राहतकारी होगी, क्योंकि अब तक यह तकनीक मुख्य रूप से निजी अस्पतालों तक सीमित थी। वर्ष 1999 से निरंतर सेवाएं दे रहा यह संस्थान राजस्थान सहित कई राज्यों के मरीजों को भी सुविधा उपलब्ध करवा रहा है।

### फाइबर कंपनी में जला कर्मचारी, कट्टे में भरा शव



**भिवाड़ी।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित दुग्गर फाइबर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बुधवार को भीषण आग लग गई थी। इस आग में जिंदा जले मजदूर अर्जेंद्र कुमार का गुरुवार को नर कंकाल मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। हादसे ने फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था, फायर NOC और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मृतक के साले अमित कुमार ने बताया कि अर्जेंद्र कुमार कंपनी में काम कर रहे थे, तभी टैंकर में आग लगने से वह जिंदा जल गया। उन्होंने बेहद भावुक होकर कहा कि शव इतनी बुरी तरह जल चुका था कि उसे फावड़े से खुरचकर कट्टे में भरना पड़ा। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय टैंकर से कंपनी परिसर में फ्यूल ट्रांसफर किया जा रहा था। इसी दौरान पूरा क्षेत्र आग की लपटों में घिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग से कई किलोमीटर दूर तक काला धुआं दिखाई दे रहा था।

### शक की आग में हैवानियत हुई सवार, गर्भवती पत्नी को उतारा मौत के घाट

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार और इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित बीएसएल स्टाफ कॉलोनी में एक सनकी पति ने चरित्र पर शक के चलते अपनी ही गर्भवती पत्नी की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि महिला और उसके गर्भ में पल रहे शिशु, दोनों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतका के चार मासूम बच्चों के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का निवासी गोपीसिंह राजपूत यहां बीएसएल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह अपनी 35 वर्षीय पत्नी



रोली और चार बच्चों के साथ फैक्ट्री की स्टाफ कॉलोनी में रह रहा था। हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति गोपीसिंह को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। इस घटना से कॉलोनी में मातम हो गया।

### प्रेमी ने बात करना बंद किया तो टावर पर चढ़ी प्रेमिका

**धौलपुर।** जिले में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती फिल्मी अंदाज में मोबाइल टावर पर जा चढ़ी। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ऑफिसर कॉलोनी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम के पास की है। युवती के टावर पर चढ़ते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार युवती और उसका प्रेमी दोनों ही बांसवाड़ा जिले के रहने वाले हैं। युवक वर्तमान में धौलपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन मेडिकल कॉलेज में दाखिला होने के बाद युवक ने युवती से दूरी बना ली और बातचीत बंद कर दी।

### औद्योगिक संगठनों की वर्चुअल बैठक आयोजित, मेवाड़ की भी रही सहभागिता

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक व्यापारिक ताकत के रूप में उभर रहा है और मुक्त व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों के लिए निर्यात विस्तार का स्वर्णिम अवसर लेकर आए हैं। उद्योगों को अब घरेलू बाजार तक सीमित रहने के बजाय अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होना होगा। यह विचार उन्होंने फिक्की के तत्वावधान में आयोजित देशभर के औद्योगिक संगठनों की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बैठक में देश के 300 से अधिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की



ओर से मानद महासचिव आर.के. जैन ने सहभागिता की। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत अब तक 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर चुका है तथा वर्ष 2026 के दौरान ओमान, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम सहित कई देशों के साथ नए एफटीए लागू हो जाएंगे। इनके लागू होने से भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अभी से रणनीतिक तैयारी शुरू करनी होगी, ताकि इन देशों के बाजारों में भारतीय उत्पाद प्रभावी रूप से अपनी पैठ बना सकें। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग रोजगार सृजन का सबसे बड़ा माध्यम है और यदि इस क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा दिया जाए तो देश की अर्थव्यवस्था तथा रोजगार दोनों को नई गति मिल सकती है। उन्होंने उद्योगों को एफटीए के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए तीन प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि उद्योगों को मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप पर्याप्त उत्पादन क्षमता विकसित करनी होगी तथा एफटीए देशों की मांग के अनुसार नए उत्पादों के विकास पर फोकस करना होगा।

## जनगणना-2027 को लेकर प्रशासन अलर्ट, जिले में तैयारियों की समीक्षा

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिले में 16वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर बिष्णु चरण मल्लिक ने जिले में चल रहे जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ मंजू ने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।निदेशक जनगणना बिष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि जनगणना किसी भी राष्ट्र में योजना निर्माण का आधार होती है, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे डाटा का त्वरित विश्लेषण और सटीक रिकॉर्ड तैयार हो सकेगा।उन्होंने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना के दौरान कोई भी घर या क्षेत्र छूटना नहीं चाहिए और दोहरी प्रविष्टि भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में परिसंपत्तियों से जुड़ा डाटा और दूसरे चरण में नागरिकों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी।बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्तियों की गणना और शहरी क्षेत्रों की कच्ची बस्तियों से संबंधित डाटा संग्रह को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को जनगणना किट समय पर उपलब्ध कराने, नई ट्रेनिंग एप इंस्टॉल कराने और आवश्यक संसाधनों की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निदेशक ने फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को भीषण गर्मी से बचाव रखने, पर्याप्त पानी पीने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह भी दी। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया।जिला कलक्टर डॉ मंजू ने बताया कि जिले में मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन लगभग 800 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर किया गया है और प्रशासनिक तैयारियां जारी हैं।बैठक के दौरान तहसील गंगरार के ब्लॉक संख्या-0202 में समय सीमा से पहले शत-प्रतिशत स्वगणना कार्य पूरा कराने पर प्रगणक सुरेन्द्र सिंह सामोता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बैठक में जिला जनगणना अधिकारी प्रभा गौतम, उप जिला जनगणना अधिकारी शबनम खोरवाल, नगर परिषद आयुक्त कृष्ण गोपाल माली, जिला समन्वयक अपेक्षा जैन और तहसीलदार विपीन चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# Rajasthan's Green Reset: Bhajan Lal Sharma Pushes Natural Farming as Chemical Model Falters

FAIR REPORT
By Hemraj Tikamchand

**JAIPUR** — Signalling a major ideological and agricultural shift, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma has called for a transition from chemical-intensive farming to a sustainable "natural farming" model, warning that excessive dependence on fertilizers and pesticides is steadily eroding the state's soil, water, and rural economy.

Addressing officials and agricultural stakeholders, Sharma described the movement as a "Green Rebirth" aimed at restoring the health of "Dharti Maa" (Mother Earth). He argued that while the Green Revolution once secured India's food supply, decades of excessive urea and DAP usage have now triggered diminishing returns, rising cultivation costs, and deteriorating soil fertili-



ty. In canal-fed regions such as Sri Ganganagar and Hanumangarh, experts have increasingly raised concerns over alkaline soil, groundwater depletion, and long-term ecological stress. The state government now plans to promote low-cost and eco-friendly alternatives including nano-urea, drone-assisted precision farming, and cow-based organic manure systems.

The policy push also carries economic ambitions. Rajasthan is positioning itself to capture growing international demand for organic millets, cumin, medicinal herbs, and residue-free agricultural products in European and American markets.

Invoking Prime Minister Narendra Modi's vision of reducing chemical dependency, Sharma framed the campaign as both an economic necessity and a cultural responsibility.

"The survival of the village depends on the survival of the soil," officials said, underscoring that the future of Indian agriculture may now lie not in more chemicals, but in restoring balance between technology, tradition, and nature.

# Several Fall Sick on 10th Day of Giral Mines Protest Amid Extreme Heat

## MLA Ravindra Singh Bhati stayed at protest site even after health issue; workers say agitation will continue till demands are met

FAIR REPORT




**Barmer**-The protest by workers and villagers at Giral Lignite Mines continued for the 10th day on Thursday despite extreme heat and hot winds. A large number of protesters remained at the dharna site. Shiv MLA Ravindra Singh Bhati also continued to sit at the protest site in support of the workers.The strong heat started affecting the health of protesters. During the ninth day of the protest, Ravindra Singh Bhati's health worsened because of the heat. A medical team reached the spot, gave him first aid and put him on a drip.Even after health problems, Bhati did not leave the protest site and continued the agitation with workers. He said the fight for the rights of workers and villagers will not become weak under any situation.On the 10th day, several workers, elderly villagers and women also fell sick because of the heat. The medical team treated many people at the spot, while some protesters were given drips. Continuous hot winds and high temperature increased health problems at the protest site.Addressing the protesters, Bhati said the extreme heat is a challenge but it will not weaken the movement. He alleged that the problems of local workers and youth have been ignored for a long time, forcing people to come on the roads.The protesters again repeated their main demands, including reinstatement of more than 100 removed drivers and workers, implementation of 8-hour duty, priority in jobs for local youth, proper salary and bonus, and basic facilities for workers.With continuous public support, the protest is now becoming a major public movement in the area. All eyes are now on the next step of the administration and company management.

# Penalty Shootouts Add Thrill as Four Teams Reach Semi-Finals in IPSC Football Tournament

**Sainik School Chittorgarh enters semi-finals with a strong 3-0 win**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** The quarter-final matches of the All India IPSC Football Tournament (Under-14 Boys) being held at Sainik School Chittorgarh were full of excitement, close competition and excellent football skills. Players showed great teamwork and fighting spirit in all four matches. Two matches were decided by penalty shootouts, keeping spectators excited till the end.School PRO Babulal Shivran said that the first quarter-final match between Tashi Namgyal Academy and DPS RK Puram ended in a draw during normal time. Later, Tashi Namgyal Academy won the penalty shootout 4-3 and entered the semi-finals.In the second quarter-final, Mayo College faced The Lawrence School in a thrilling match. After the score remained level, The Lawrence School won the penalty shootout 4-2 and secured a place in the semi-finals.The third match saw Modern School defeat Emerald Heights International School by 2-1. Both teams played attacking football, but Modern School performed better and reached the semi-finals.In the fourth quarter-final, host team Sainik School Chittorgarh dominated the match against The Sanskaar Valley School. With strong teamwork and attacking play, Sainik School won the match 3-0 and entered the semi-finals in impressive style.

# History-Sheeter Among Two Held With 9.43 Gram MDMA Powder on Highway

**Bhadsooda police seized illegal drugs and bike during checking under Operation Trinetra**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** Bhadsooda police arrested two bike-borne youths with 9.43 gram illegal MDMA molly powder during checking on Thursday. One of the arrested accused is a history-sheeter of Mangalwad police station. Police also seized the motorcycle used in the incident.Superintendent of Police Manish Tripathi said that under the directions of Udaipur Range Inspector General Gaurav Srivastava, Operation Trinetra is being carried out against drugs in the entire range. Under the guidance of Additional SP Mukul Sharma and supervision of DSP Vinod Kumar, a police team led by Bhadsooda SHO Mahendra Singh set up a checkpoint near Mahadev Hotel on the Chittorgarh-Udaipur highway. During checking, police stopped a motorcycle carrying two persons and searched them. Police recovered 9.43 gram illegal MDMA molly powder from their possession and arrested both accused on the spot.The arrested accused were identified as 26-year-old Ravi Khatik, son of Madanlal Khatik, resident of Khatik Mohalla, Mangalwad, and 23-year-old Mukesh alias Kanha, son of Hiralal Kharol, resident of Nangawali village in Mangalwad area. Police said Ravi Khatik is a history-sheeter of Mangalwad police station.Police also seized the Hero Splendor Plus motorcycle without a number plate used in the incident. A case under the NDPS Act has been registered and investigation is underway.

# Creta Breaks Police Checkpoint, Smuggler Held With 227 Kg Doda Chura

**Car crashed into farm fencing during chase; driver arrested, another accused escaped**

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Mandfiya police carried out a major action under Operation Trinetra on Thursday early morning and seized 227 kg 450 gram illegal doda chura from a Creta car. Police arrested the driver, while his companion escaped in the dark.Superintendent of Police Manish Tripathi said that under the directions of Udaipur Range Inspector General Gaurav Srivastava, Operation Trinetra is being run against drug smugglers across the district. Under the guidance of Additional SP Mukul Sharma and supervision of DSP Vinod Lakhara, a police team led by Mandfiya SHO Ravindra Sen set up a checkpoint near Rupaji Ka Kheda crossing.During checking, a white Creta car without a number plate was seen coming from Awari Mata road. When police signaled the driver to stop, he slowed the vehicle and suddenly turned back to escape. Police chased the car in a Bolero vehicle.While escaping, the car crashed into a stone pole of farm fencing on the kaccha road between Akola Khurd and Surajgarh. After the crash, one person sitting in the car ran towards the fields and escaped. Police surrounded the vehicle and caught the driver.During the search, police found 12 sacks filled with illegal opium doda chura weighing 227 kg 450 gram. Police seized the contraband and the Creta car and arrested 32-year-old Kailash Kumar, son of Mohanlal Bishnoi, resident of Chauhatan area in Barmer district.Mandfiya police registered a case under the NDPS Act and started searching for the absconding accused.

# Fertilizer Black Marketing: Agriculture Department Suspends License of Dealer

**Action taken after irregularities found during inspection; cooperative society also served notice**

FAIR REPORT




**Chittorgarh**-The Agriculture Department has started a special campaign in the district to stop black marketing and hoarding of fertilizers and to ensure smooth availability of urea for farmers. Under the campaign, teams of the department carried out surprise inspections at fertilizer shops and cooperative societies on Thursday.Agriculture officers Hiralal Salvi and Prashant Kumar Jatolia inspected the premises of Ankit Fertilizers at Dindoli in Rashmi area. During the inspection, the team found that the price list and stock register were not maintained in the prescribed format. The stock register was also not certified by the authorized officer and records of fertilizer sales were not properly maintained. Difference in available stock was also found.Taking the irregularities seriously, Agriculture Officer Hiralal Salvi recommended suspension of the fertilizer license of the shop. Based on the recommendation, the fertilizer license of Ankit Fertilizers, Dindoli, was suspended on Thursday.In another action, Agriculture Officer Ramjas Khatik inspected Gram Seva Sahakari Samiti at Pandoli village. During inspection, the committee was found without proper price list and stock register records. Records of sold fertilizers were also not maintained. A show-cause notice was issued to the committee. The Agriculture Department directed all fertilizer and agriculture input sellers in the district to sell products only as per rules, provide bills to every farmer and maintain all required documents at their shops.Joint Director Agriculture (Extension) Dr. Shankar Lal Jat appealed to farmers to buy fertilizers only according to need and avoid unnecessary storage. He said sufficient fertilizer stock is available in the district at present.

# J&K Crime Branch conducts house searches in land fraud case

**Srinagar**: The J&K Police's Crime Branch has carried out house searches in connection with an FIR registered in a land fraud case, an official statement said on Thursday. The Crime Branch statement said that the Special Crime Wing Kashmir of the Crime Branch J&K carried out house searches in connection with FIR No. 06/2026 registered under Sections 420, 468, and 120-B RPC in Srinagar and Budgam districts. The FIR was registered on the basis of a written complaint submitted by a resident of Humhama, Budgam, who alleged that Tariq Ahmad Sofi, resident of Solina, Srinagar, had fraudulently obtained lakhs of rupees from him under the guise of the sale of land situated at Narkara, Srinagar. The investigation prima facie revealed that the accused, land brokers Sofi, son of Ghulam Ahmad Sofi R/o House No. 53, Tulsi Bagh Srinagar and Tariq Ahmad Wani, son of Mohammad Abdullah Wani, resident of Narkara, Budgam, in connivance with the then Patwari, had prepared and used forged documents and entered into a criminal conspiracy to deceive the complainant and misappropriate money in connection with the land transaction. Consequently, in continuation of the investigation, house searches were carried out at multiple locations in Srinagar and Budgam in the presence of Executive Magistrates to collect incriminating material and other evidence relevant to the case.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**